संख्या–2730/26–2–2010–3मु0स0/10

प्रेषक,

अतुल कुमार गुप्ता
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

समाज कल्याण अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक 23 अगस्त ,2010

विषय उत्तर प्रदेश मुख्य मंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना के अन्तर्गत जनपदों में लाभार्थियों के चयन से संबंधित कार्य का अनुश्रवण।

महोदय,

आप अवगत हैं कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इस योजना का शुभारम्भ 1 अक्टूबर 2010 से किया जाना सुनिश्चित हुआ है। योजना के कियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा शासन स्थित वरिष्ठ अधिकारियों से एक–एक जनपद का निरीक्षण कराने का निर्णय लिया गया है। निरीक्षण से संबंधित चेक लिस्ट, संगत शासनादेश तथा अधिकारीवार आवंटित जनपदों का विवरण संलग्न किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार दिनांक 26 से 28 अगस्त के मध्य किन्हीं दो दिन नामित अधिकारियों को जनपद का भ्रमण एवं रात्रि निवास करके कुछ खुली बैठकों में भाग लेने हेतु निर्दिष्ट करने का कष्ट करें। उस सम्बन्ध में संबंधित अधिकारी अपनी निरीक्षण आख्या निरीक्षण समाप्ति के उपरान्त तीन कार्य दिवस के अन्दर प्रमुख सचिव, समाज कल्याण को प्रेषित करें।यदि कोई अधिकारी इन तिथियों पर अपरिहार्य कारणों से उपलब्ध नहीं है तो संबंधित प्रमुख सचिव/सचिव द्वारा उसके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए अपने विभाग के किसी अन्य विशेष सचिव/संयुक्त सचिव को तैनात किया जायेगा। इन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

संलग्नकःउपरोक्तानुसार

भवदीय,

(अतुल कुमार गुप्ता)
मुख्य सचिव

संख्या–2730/26–2–2010–3मु0स0/10 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि समस्त विशेष सचिव,उत्तर प्रदेश शासन(संलग्न सूची के अनुसार) को इस अभ्युक्ति के साथ कि वे उक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करें।

आज्ञा से,

(बलविन्दर कुमार)
प्रमुख सचिव

पीसीएस संवर्ग के विशेष सचिव

क्रसं0	अधिकारी का नाम (सर्वश्री / सुश्री)	विभाग	आवंटित जनपद
1.	प्रदीप कुमार अग्रवाल	कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा	अम्बेडकरनगर
2.	शिवशंकर सिंह	" "	अलीगढ
3.	मंजू चन्द्रा	" "	आगरा
4.	अमिताभ	" "	आजमगढ
5.	रवि प्रकाश अरोड़ा	" "	इटावा
6.	दया शकर(द्वितीय)	" "	इलाहाबाद
7.	राजेन्द्र कुमार गोयल	पशुधन	उन्नाव
8.	अरूण सिंह	रेशम	एटा
9.	बाबू लाल अग्रवाल	कृषि	औरैया
10.	शोभ नाथ बिन्द	" "	कन्नौज
11.	प्रभात कुमार मिश्रा	दुग्ध विकास	कुशीनगर
12.	राज नारायण सिंह	ग्राम्य विकास	कानपुर देहात
13.	चन्द्रिका प्रसाद तिवारी	उद्यान	कानपुर नगर
14.	डा0सुरेश कुमार पाण्डेय	लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल	कांशीराम नगर
15.	राज किशोर यादव	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	कौशाम्बी
16.	दिनेश चन्द्र	" "	गाजियाबाद
17.	श्रद्धा मिश्रा	चिकित्सा शिक्षा	गाजीपुर
18.	अखिलेश कुमार बरनवाल	" "	गोण्डा
19.	शिव श्याम मिश्रा	खाद्य एवं औषधि नियंत्रण	गोरखपुर
20.	रवीन्द्र नाथ उपाध्याय	राजस्व	गौतमबुद्धनगर
21.	लालजी राय	" "	चन्दौली
22.	अनिल राज कुमार	" "	चित्रकूट
23.	पंकज गंकवार	सचिवालय प्रशासन	ज्योतिबाफूले नगर
24.	जगदेव सिंह	सामान्य प्रशासन	जालौन
25.	इष्टदेव प्रसाद राय	लोक निर्माण	जौनपुर
26.	विनोद कुमार सिंह	पर्यटन	झॉसी
27.	शान्ति स्वरूप सिंह	समाज कल्याण	देवरिया
28.	अश्विनी कुमार सिंह	कार्मिक एवं नियुक्ति	प्रतापगढ़
29.	सुभाष चन्द्र त्रिवेदी	चीनी एवं गन्ना	पीलीभीत
30.	अजय कुमार उपाध्याय	सूचना	फैजाबाद
31.	भवनाथ	महिला कल्याण	फतेहपुर
32	शहाबुद्दीन मोहम्मद	अल्प संख्यक कल्याण	फर्रूखाबाद
33.	विमल चन्द्र श्रीवास्तव	" "	फिरोजाबाद
34.	राजकमल गुप्ता	ऊर्जा	बदायूँ
35.	राम गणेश	प्राविधिक शिक्षा	बरेली
36.	मणि प्रसाद मिश्रा	व्यावसायिक शिक्षा	बुलन्दशहर

37.	दिनेश कुमार सिंह	बेसिक शिक्षा	बलरामपुर
38.	अतुल कुमार	" "	बलिया
39.	नरेन्द्र सिंह कुशवाहा	माध्यमिक शिक्षा	बस्ती
40.	अनीता मिश्रा	उच्च शिक्षा	बहराइच
41.	शिवनन्दन प्रसाद	कर एवं निबन्धन	बागपत
42.	वीरेन्द्र प्रताप सिंह–प्रथम	" "	बॉदा
43.	चन्द्र प्रकाश–द्वितीय	खाद्य विभाग	बाराबंकी
44.	दिलीप कुमार गुप्ता	" "	बिजनौर
45.	अजय अग्रवाल	वित्त विभाग	मऊ
46.	अरविन्द नारायण मिश्रा	" "	मुजफ्फरनगर
47.	ओम प्रकाश वर्मा	" "	मथुरा
48.	जय प्रकाश सिंह–प्रथम	आवास विभाग	मैनपुरी
49.	अजय दीप सिंह	" "	मेरठ
50.	सूर्य प्रकाश मिश्रा	नगर विकास	मुरादाबाद
51.	विजय बहादुर सिंह	" "	महामायानगर
52.	विपिन कुमार द्विवेदी	" "	महराजगंज
53.	मनोज मिश्रा	नगरीय रोजगार	महोबा
54.	श्रीप्रकाश सिंह	श्रम	मिर्जापुर
55.	संतोष कुमार द्विवेदी	" "	रामपुर
56.	अनवारूल हक	औद्योगिक विकास	रायबरेली
57.	कपिल देव त्रिपाठी	लधु उद्योग	लखनऊ
58.	महेश चन्द्र–द्वितीय	सिंचाई	लखीमपुर खीरी
59.	हरीश कुमार वर्मा	" "	ललितपुर
60.	पुष्पा सिंह	" "	वाराणसी
61.	सन्ध्या तोमर	परिवहन	श्रावस्ती
62.	शिवानन्द ओझा	" "	शाहजहॉपुर
63.	सुशील कुमार	वन	संतकबीर नगर
64.	श्रीकृष्ण श्रीवास्तव	नियोजन	सुल्तानपुर
65.	हिमांशु कुमार	" "	सहारनपुर
66.	नवल किशोर	आबकारी	सिद्धार्थनगर
67.	सुरेश चन्द्र गुप्ता	सूचना एवं प्रौद्योगिकी	सीतापुर
68.	रामराज सिंह यादव	विकलांग कल्याण	सोनभद्र
69.	चक्रपाणि	उ0प्र0पुनर्गठन समन्वय	हमीरपुर
70.	नीलम अहलावत	संस्कृति	हरदोई
71.	मुकेश कुमार गुप्ता	पिछडा वर्ग कल्याण	संत रविदास नगर
72.	प्रभाष चन्द्र जैन	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	छत्रपति शाहूजी महाराज नगर

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना के अन्तर्गत निरीक्षण हेतु चेक लिस्ट

1. क्या जनपदों में प्राथमिक सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण करके समस्त डाटा सत्यापित कर एनआईसी सर्वर पर अपलोड कर दिया गया है? यदि नहीं तो क्यों?

2. क्या गांव सभा एवं वार्डों की खुली बैठकों हेतु कार्यक्रम बनाया गया है तथा क्या उसका पर्याप्त प्रचार प्रसार किया गया है?

3. खुली बैठकों में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात अधिकारियों द्वारा बैठकों में भाग लिया गया है अथवा नहीं?

4. पर्यवेक्षक के रूप में तैनात अधिकारी का वर्गीकरण यथा– मण्डल स्तरीय/जनपद स्तरीय/परगना अधिकारी आदि?

5. क्या जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गांव सभा/वार्ड की कुछ खुली बैठकों में भाग लिया गया है यदि हां तो विवरण?

6. क्या पर्यवेक्षण अधिकारियों को बैठक के पूर्व योजना से संबंधित सभी बिन्दुओं पर प्रशिक्षित किया गया था यदि हां तो विवरण?

7. क्या गांव सभा/वार्डों की बैठकों के कार्यक्रम का समुचित प्रचार प्रसार किया गया है? तथा क्या सूचियां सार्वजनिक स्थान पर चस्पा की गयी हैं?

8. जनपद में अब तक सम्पन्न की गयी गांव सभा तथा वार्ड की बैठकों की कुल संख्या, इन बैठकों में प्राप्त आपत्तियों तथा उनके निस्तारण की स्थिति?

9. जनपद स्थित कुल अनुसूचित जाति के परिवारों की संख्या तथा योजना के अंतर्गत चयनित पात्र व्यक्तियों की संख्या इस आशय से कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति सर्वेक्षण से छूट तो नहीं गए हैं?

10. क्या जनपद स्तर पर लाभार्थियों के चयन हेतु शासनादेश सं0–2530/26–2–2010–3मु.स./2010, दिनांक 10 अगस्त 2010 के अंतर्गत दिए गए मार्गदर्शक बिन्दुओं का अनुपालन किया जा रहा है?(संलग्न)

11. क्या चयनित लाभार्थियों द्वारा भरे जाने वाले आवेदन पत्र पर्याप्त संख्या में छपवाकर उपलब्ध करा लिया गया है?

12. क्या जनपद से योजना की प्रगति आख्या प्रतिदिन एनआईसी सर्वर पर अपलोड की जा रही है(शासनादेश दिनांक 13 अगस्त 2010 द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार)?

13. प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षक द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया जाय उसका संक्षिप्त विवरण।

14. अन्य कोई महत्वपूर्ण बिन्दु हो तो उसका उल्लेख किया जाय।